डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने वाले शहरों के लिये ‘स्मार्ट सिटीज़ डिजिटल भुगतान पुरस्कार 2018’

drishtiias.com/hindi/printpdf/smart-cities-digital-payments-awards-2018

चर्चा में क्यों?

हाल ही में केंद्र सरकार ने शहरों में डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिये ‘स्मार्ट सिटीज़ डिजिटल पेमेंट्स अवार्ड्स 2018’ लॉन्च किया है।

स्मार्ट सिटीज डिजिटल भुगतान पुरस्कार 2018

उद्देश्य : इन पुरस्कारों का उद्देश्य डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने और अपने-अपने शहरों में अभिनव डिजिटल भुगतान सुनिश्चित करने के लिये स्मार्ट सिटी का मार्गदर्शन करना एवं प्रेरित करना, मान्यता देना और उन्हें पुरस्कृत करना है।

प्रमुख बिंदु

- स्मार्ट सिटी डिजिटल भुगतान पुरस्कार 2018 (100 स्मार्ट सिटी में 100 दिनों का चैलेंज) दरअसल आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय की उन पहलों का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य भारत के शहरी निवासियों के जीवन को आसान बनाना है।
- इस कार्यक्रम के तहत न केवल डिजिटल भुगतान में अग्रणी माने जाने वाले शहरों को पुरस्कृत किया जाएगा, बल्कि यह कार्यक्रम अन्य शहरों को भी अपने यहाँ डिजिटल भुगतान ढाँचे को अपनाने एवं मज़बूत करने, डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहन के ज़रिए जागरूकता बढ़ाने तथा डिजिटल लेन-देन के लिये नागरिकों को अनेक विकल्प देने हेतु प्रोत्साहित करेगा।
- चैलेंज की अवधि पुरस्कारों के शुभारंभ से लेकर अगले 100 दिनों तक होगी। इससे स्मार्ट सिटी में डिजिटल भुगतान परिदृश्य विकसित होगा। दो चरणों की प्रक्रिया के आधार पर पुरस्कार दिये जाएंगे।
- आकलन के उद्देश्य से स्मार्ट सिटी को उनकी आबादी के आधार पर चार विभिन्न श्रेणियों में विभाजित किया जाएगा।

शहर की श्रेणी	आबादी
श्रेणी 1	5 लाख से कम
श्रेणी 2	5-10 लाख
श्रेणी 3	1 मिलियन – 4 मिलियन

श्रेणी 4	4 मिलियन से अधिक

प्रत्येक श्रेणी में तीन पुरस्कार दिये जाएंगे। अत: इस कार्यक्रम के तहत कुल मिलाकर 12 पुरस्कार दिये जाएंगे। ये पुरस्कार निम्नलिखित हैं :

1. सर्वोत्तम डिजिटल भुगतान अनुकूलक (Best digital payments adopter)

   यह पुरस्कार उस स्मार्ट सिटी को प्रदान किया जाएगा जो विभिन्न चैनलों और भुगतान साधनों के माध्यम से डिजिटल भुगतान में समग्र उत्कृष्टता प्रदर्शित करता है, ताकि किसी भी समय, सभी के लिये कहीं भी भुगतान सुनिश्चित किया जा सके।

2. सर्वोत्तम डिजिटल भुगतान अन्वेषक (Best digital payment innovator)

   यह पुरस्कार उस स्मार्ट सिटी को प्रदान किया जाएगा जो अपने नागरिकों के लिये डिजिटल भुगतान विकल्पों के सबसे नवीन कार्यान्वयन को प्रदर्शित करता है।

3. डिजिटल भुगतान पर फोकस करने वाली सबसे तेजी से बढ़ती स्मार्ट सिटी (Fastest growing Smart City focusing on digital payments)

   पुरस्कार डिजिटल भुगतान लेनदेन में उच्चतम वृद्धि दर प्रदर्शित करने वाले शहर को दिया जाएगा।